श्याम के दर पे जबसे आने लगे | By Twinkle Sharma

जग ने रुलाया जग ने हराया
हार के जग से दर तेरे आया
दर पे मैं आया दिल से रिझाया
सांवरिया ने गले से लगाया
वो जो सोचा ना था मैंने जीवन में
पा लिया तुमसे वो देखते देखते
श्याम के दर पे जबसे हम जाने लगे
क्या से क्या हो गए देखते देखते
वो जो किस्मत में ना थी खुशियां कभी
पाई हैं सारी वो देखते देखते
श्याम के दर पे..........

आया जब जब भी कोई संकट बड़ा
पाया मैंने ना कोई अपना खड़ा
टूट टूट के मैं जब गिरता गया
श्याम दर पे तुम्हारे आके पड़ा
सर पे मेरे जो तूने हाथ रखा
खड़ा मैं हो गया देखते देखते
है जो हाथ तेरा अब सर पे मेरे
मुझको जीवन मिला देखते देखते
श्याम के दर पे..........

तेरी किरपा से ही महका जीवन मेरा
सांस सांस में लेती नाम तेरा
कैसे बोले गोपाल मिला कितना उसे
भूल ना पायेगा एहसान तेरा
आंसू आँखों में आये ज़माना हुआ
महका जीवन मेरा देखते देखते
जब भी सांस मेरी श्याम हो आखिरी
निकले सूरत तेरी देखते देखते
वो जो सोचा ना था मैंने जीवन में
पा लिया तुमसे वो देखते देखते
श्याम के दर पे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-by/